कार्यालय प्राचार्य शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय,नरसिंहपुर (म.प्र.)

(नैक द्वारा "B" ग्रेड प्रदत्त)

E-Mail address.-hegsmgcnar@mp.gov.in Tel./Fax No.- 07792-236543, Mo.no. 9425467654

---

क्र.884 / लेखा. / 2017 नरसिंहपुर 17 / 01 / 2017

प्रति,

डॉ. राजकुमार आचार्य
रा.से.यो., जिला संगठक
नरसिंहपुर

विषय : वित्तीय साक्षरता अभियान प्रतिवेदन।

--00--

उपर्युक्त विषयांतर्गत प्रमुख सचिव उ.शि. विभाग म0प्र0 शासन के निर्देशानुसार जनसमुदाय को डिजीटल बैंकिग के संबंध में जागरूक करने के लिये महाविद्यालय में वित्तीय साक्षरता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय की रा.से.यो. ईकाई द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से कैशलेस ट्रांजेक्शन के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के श्री दीपक आनंद एवं श्री संजय ने कैशलेस ट्रांजेक्शन विधियों को प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षित छात्राओं द्वारा ग्राम भण्डादेव, विपतपुरा एवं नरसिंहपुर में घर–घर जाकर तथा जिला अस्पताल, बस स्टेण्ड एवं दुकानों पर लोगों से संपर्क कर डिजीटल बैंकिंग के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्य में महाविद्यालय की एन. सी.सी. ईकाई का सहयोग प्राप्त हुआ।

महाविद्यालय में छात्राओं के लिये वित्तीय साक्षरता पर आधारित रंगोली, पेंटिग, वाद–विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रा.से.यो. द्वारा संचालित वित्तीय साक्षरता अभियान में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री एम.पी. श्रीवास्तव एवं रा.से.यो. प्रभारी श्रीमति संध्या देव का मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त हुआ।

संलग्न : न्यूज पेपर एवं फोटोग्राफ।

(एम.पी.श्रीवास्तव)
प्रभारी प्राचार्य
शा.श्या.सु.ना.मु.महिला महाविद्या.
नरसिंहपुर

क्र.885 / लेखा. / 2017 नरसिंहपुर 17 / 01 / 2017

प्रतिलिपि :

1. प्राचार्य शासकीय अग्रणी महाविद्यालय नरसिंहपुर।

(एम.पी.श्रीवास्तव)
प्रभारी प्राचार्य
शा.श्या.सु.ना.मु.महिला महाविद्या.
नरसिंहपुर



[illegible]

# डिजिटल बैंकिंग कार्यशाला






वित्तीय साक्षरता - जागरूकता अभियान






दैनिक भास्कर
नरसिंहपुर
दि. 25/12/2016

# कैशलेस बैंकिंग का दिया प्रशिक्षण

भास्कर न्यूज़. नरसिंहपुर| शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में भारतीय स्टेट बैंक मुख्य श्याखा के सहयासेग से कैशलेस ट्रांजेक्शन पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला वित्तीय साक्षरता अभियान के अंतर्गम महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा आमंत्रित की गई। कार्यशाला में भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी दीपक आनंद एवं संजय द्वारा कैशलेस बैंकिंग से संबंधित विभिन्न विधियों का प्रशिक्षण छात्राओं एवं महाविद्यालय स्टॉफ को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन रासेयो प्रभारी श्रीमति संध्या देव ने किया। कार्यशाला में महाविद्यालय परिवार के सदस्य श्रीमति कृष्णा शर्मा, डॉ. यतीन्द्र महोबे, डॉ. सीएम मिश्रा, नंदलाल अहिरवार, श्रीमति बिंदुवाला जैन आदि की उपस्थिति रही।

# शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर (म.प्र.)

## संगोष्ठी / व्याख्यान

27 अक्टूबर 2018

**लोकतंत्र के सशक्तिकरण मे मतदान की उपादेयता**

प्रमाणित किया जाता है कि श्री /श्रीमति/सुश्री अंशुल खरे ने

संस्था शा. महिला महा., नरसिंहपुर महाविद्यालय में आयोजित मतदान जागरूकता अभियान (स्वीप) के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी /व्याख्यान में सकिय सहभागिता प्रस्तुत की ।

संयोजक
स्वीप पार्टनर कार्यक्रम प्रभारी
शास.महिला महाविद्यालय
नरसिंहपुर

प्रो. माधव प्रसाद श्रीवास्तव
प्राचार्य एवं संरक्षक
शास. महिला महाविद्यालय
नरसिंहपुर


जागरुकता
श्याम सुंदर
महाविद्यालय नरसिंहपुर

29/10/18 दैनिक भास्कर

# संगोष्ठी में बताया मतदान का महत्व, दिए व्याख्यान

## महिला महाविद्यालय में आयोजन

भास्कर न्यूज | नरसिंहपुर

मतदाता जागरुकता अभियान के तहत शत-प्रतिशत मतदान करने तथा मतदाताओं को जागरुक करने के उद्देश्य से स्थानीय शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय में लोकतंत्र के सशक्तिकरण में मतदान की उपादेयता विषय पर संगोष्ठी-व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्यातिथि प्राचार्य शासकीय पीजी महाविद्यालय नरसिंहपुर डॉ. सतीश दुबे, एवं कु. अपूर्वा पटेल द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विशिष्ट अतिथि डॉ. केएल साहू एवं डॉ. आरती सिंह द्वारा व्याख्यान के माध्यम से स्वीप प्लान एवं मतदान का महत्व छात्राओं को बतलाया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में विषय विशेषज्ञ डॉ. रीता रावत, डॉ. अभिषेक तिवारी, प्रो. विवेक जैन, प्रो. राहुल नेमा, प्रो. सृजनेश सिलाकारी द्वारा स्वस्थ्य समाज की स्थापना शत-प्रतिशत मतदान द्वारा ही सार्थक है विषय पर अपने वक्तव्य देकर मतदान का महत्व बतलाया। कार्यक्रम अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्य एमपी श्रीवास्तव तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीएम मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अपर्णा गोस्वामी द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजक सुश्री अंशुल खरे, श्रीमती बिंदुवाला जैन व यदुनंदन शुक्ला रहे।




### लगाई छाया प्रदर्शनी

इस अवसर पर महाविद्यालय में छाया प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। जिसका उद्देश्य लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरुक करना रहा। कार्यक्रम में डॉ. स्वाति चांदोरकर, श्रीमती कृष्णा शर्मा, श्रीमती संध्यादेव, सतीन्द्र महोबे, नंदलाल अहिरवार, बीपी कतिया, महेश चौधरी, जीएस गोल्हानी, श्रीमती ज्योति शर्मा, श्रीमती ज्योति साहू, श्रीमती निर्मला अग्रवाल, पूरनलाल साहू, दिनेश यादव एवं महाविद्यालय की स्नातक एवं स्नातकोत्तर की छात्राएं उपस्थित रहीं।

### हुई मिनी मैराथन

मतदाता जागरुकता अभियान के तहत बीते दिवस महाविद्यालय में मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें लगभग सौ छात्राएं सम्मलित हुईं। मिनी मैराथन में आफरनी सैयद प्रथम, जानकी मेहरा द्वितीय, सोनम प्रजापति तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ यदुनंदन शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर किया। इसमें डॉ. सीएम मिश्रा कु. अंशुल खरे, श्रीमती बिंदु वाला जैन एव ज्योति साहू उपस्थित रहे।

### निबंध एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन

इसी तारतम्य में निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें अर्चना राय प्रथम, दीक्षा महोबिया द्वितीय, आफरीन सैयद तृतीय, सोमन प्रजापति चतुर्थ रहीं। वहीं प्रश्नमंच स्पर्धा में पूजा ठाकुर प्रथम, आफरीन द्वितीय तथा दीक्षा महोबिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## बताया सशक्त लोकतंत्र में मतदान का महत्व



नरसिंहपुर। मतदाता जागरुकता स्वीप के तहत शतप्रतिशत मतदान करने एवं मतदाताओं को जागरुक करने हेतु महाविद्यालय में शनिवार को लोकतंत्र के सशक्तिकरण में मतदान की उपादेयता विषय पर संगोष्ठी व्याख्यान आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक तिवारी शास. पीजी महाविद्यालय गाडरवारा, प्रो. विवेक जैन, प्रो. राहुल नेमा जगतगुरु शंकराचार्य महाविद्यालय श्रीनगर, प्रो. सृजनेश सिलाकारी महात्मा गांधी महाविद्यालय करेली द्वारा दिये गये समय में मतदान के महत्व को बतलाते हुये सशक्त लोकतंत्र की स्थापना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य एमपी श्रीवास्तव द्वारा की गई कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीएम मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अपर्णा गोस्वामी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री अंशुल खरे, श्रीमति बिन्दुवाला जैन एवं यदुनंदन शुक्ला द्वारा किया गया। इसी तारतम्य में महाविद्यालय में छाया प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य शतप्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में डॉ. स्वाति चांदोरकर, श्रीमति कृष्णा शर्मा, श्रीमति संध्यादेव, सतीन्द्र महोबे सहित महाविद्यालय की स्नातक एवं स्नातकोत्तर की छात्राएं उपस्थित रहीं।

राज एक्सप्रेस 29/10/18



नरसिंहपुर देशबन्धु। मतदाता जागरूकता स्वीप के तहत शतप्रतिशत मतदान कराने तथा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु शासकीय श्याम सुन्दर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय में लोकतंत्र के सशक्तिकरण में मतदान की उपादेयता विषय पर संगोष्ठी व्याख्यान आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ. सतीश दुबे एवं कु. प्रिया द्वारा सरस्वती पूजन से की गई। इस अवसर पर डॉ. केएल साहू एवं डॉ. आरती सिंह द्वारा व्याख्यान के माध्यम से स्वीप प्लान एवं मतदान का महत्व छात्राओं को बतलाया गया। विषय विशेषज्ञ डॉ. रीता रावत ने कहा कि स्वस्थ्य समाज की स्थापना शत प्रतिशत मतदान के द्वारा ही सार्थक है। विषय विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक तिवारी शास. पीजी महाविद्यालय गाडरवारा प्रो. विवेक जैन, प्रो. राहुल नेमा जगतगुरु शंकराचार्य महाविद्यालय श्रीनगर, प्रो. सृजनेश सिलाकारी महात्मा गांधी महाविद्यालय करेली द्वारा दिये गये समय में मतदान के महत्व को बतलाते हुये सशक्त लोकतंत्र की स्थापना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य एमपी श्रीवास्तव द्वारा की गई कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीएम मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अपर्णा गोस्वामी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री अंशुल खरे, श्रीमति बिन्दुवाला जैन एवं यदुनंदन शुक्ला द्वारा किया गया। इसी तारतम्य में महाविद्यालय में छाया प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य शतप्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में डॉ. स्वाति चांदोरकर, श्रीमति कृष्णा शर्मा, श्रीमति संध्यादेव, सतीन्द्र महोबे सहित महाविद्यालय की स्नातक एवं स्नातकोत्तर की छात्राएं उपस्थित रहीं।

देशबन्धु - 29/10/18


जागरूकता अभियान
सेवा योजना इकाई
श्यामसुंदर नारायण मुशरान
महाविद्यालय नरसिंहपुर

संगोष्ठी Oct 18


शासकीय श्यामसुंदर नारायण मुशरान
महिला महाविद्यालय, नरसिंहपुर
संगोष्ठी/व्याख्यान
''लोकतंत्र के सशक्तिकरण में
मतदान की उपादेयता''
अक्टूबर 2018
कार्यस्थल - शासकीय श्यामसुंदर नारायण
मुशरान महिला
नरसिंहपुर

Candle March 2018

